# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.10.2025 समय : 1905

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज आठवें वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों को स्वीकृति दी। आयोग सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन की समीक्षा करेगा।

- किसानों के लिए केन्द्र सरकार ने दी बड़ी राहत। रबी वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस के लिए उर्वरक सब्सिडी को कैबिनेट ने मंजूरी दी।

- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सम्पति कर, जल कर और बाज़ार किराए की वसूली के लिए अभियान शुरू किया।

- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में गूंजा एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश। सरदार @150 अभियान ने बढ़ाई सहभागिता।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों को मंजूरी दे दी है। आठवां वेतन आयोग एक अस्थायी निकाय होगा, जिसमें एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव शामिल होंगे। आयोग गठन की तिथि से अट्ठारह महीनों के भीतर अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगा और आवश्यकता पड़ने पर अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकेगा। यह आयोग अपनी अनुशंसाएं तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति, सरकारी वित्तीय संतुलन, विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए संसाधन, गैर–अंशदायी पेंशन योजनाओं की लागत, राज्यों पर प्रभाव और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की वेतन संरचना पर विचार करेगा। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी दो हजार छब्बीस से लागू होने की संभावना है। मंत्री मंडल की बैठक के बाद केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए अनुमानित सैंतीस हजार नौ सौ बावन दशमलव दो नौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जो खरीफ दो हजार पच्चीस की तुलना में लगभग सात सौ छत्तीस करोड़ अधिक है। इस मंजूरी से डी.ए.पी और NPKS ग्रेड उर्वरकों पर सब्सिडी जारी रहेगी, जिससे किसानों को ये उर्वरक सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक संकट है और इससे निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम आवश्यक हैं। उन्होंने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन ISA की आठवीं सभा का उद्घाटन किया और सौर ऊर्जा को अपनाने और उसके समावेशी विकास में भूमिका निभाने पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने सदस्य देशों से सिर्फ बुनियादी ढांचे तक सीमित न रहकर लोगों के जीवन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आई.एस.ए समावेशिता, सम्मान और सामूहिक समृद्धि के स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा का दोहन करने की मानवता की साझा आकांक्षा का प्रतीक है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मुंबई में इंडिया मैरीटाइम वीक दो हजार पच्चीस में शामिल होंगे। वे शाम चार बजे नेस्को एग्जिबिशन सेंटर में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और ग्लोबल मैरीटाइम सी.ई.ओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे। सत्ताइस से इकत्तीस अक्टूबर तक चलने वाला यह आयोजन "महासागरों का एकीकरण, एक समुद्री दृष्टिकोण" विषय पर आधारित है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी नागरिकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जानकारी दी है कि संपत्ति कर, जल शुल्क, बाजार किराया आदि की सभी बकाया राशि पन्द्रह मार्च दो हजार छब्बीस तक जमा कर दी जाए। समय पर भुगतान न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बकाया राशि वसूली अभियान एक नवम्बर से हर शनिवार को विभिन्न वार्डों में आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड के लिए सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आज आकाशवाणी श्री विजयपुरम के तत्वावधान में वंडूर ग्राम पंचायत सभागार में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन साधारण में भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता और जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में वंडूर ग्राम पंचायत के प्रधान अधीर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आकाशवाणी श्री विजयपुरम के उप महानिदेशक सी. सुब्बा राव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि तथा विभिन्न वर्गों से आए नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आकाशवाणी श्री विजयपुरम की टीम द्वारा प्रस्तुत एक नुक्कड़ नाटक रहा, जिसमें सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजगता और सतर्कता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की कि वे एक स्वच्छ और पारदर्शी समाज का निर्माण करने में सहयोग करें।

<><><><><><><>

22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई, जब नरेंद्र मोदी सरकार ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती की। द्वीपों के ऑटोमोबाइल प्रतिष्ठान के कर्मचारी ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जी एस टी की नई दरों के संबंध में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने सात अक्टूबर को द्वीप समूह के तीन जिलों में राज्य स्तरीय सरदार@150 एकता मार्च अभियान का शुभारंभ किया था, जो अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। इस कार्यक्रम का आयोजन खेल एवं युवा मामले मंत्रालय और संबंधित मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को जोड़कर राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करना है। अभियान के तहत द्वीप समूह के तीन जिलों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में पद यात्राएँ, सामुदायिक गतिविधियाँ और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इसके साथ ही ब्रांडिंग डिज़ाइन और मानक संचालन प्रक्रियाएँ भी तैयार की गई हैं। इस अभियान में ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी, राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता और सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता शामिल हैं, जो युवाओं को अभियान से जोड़ने और डिजिटल माध्यम से संदेश फैलाने में मदद करेंगे।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना और नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इंडो–पैसिफिक रीजनल डायलॉग–दो हजार पच्चीस नई दिल्ली में शुरू हो गया। इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंच में तेइस देशों के तीस अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और नौसेना के मौजूदा व पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष का विषय है: "समग्र समुद्री सुरक्षा और विकास को बढ़ावा: क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और योग्यता संवर्द्धन"। पहले दिन जलवायु परिवर्तन और समुद्री सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा हुई।

<><><><><><><>

भारत सेवा श्रम संघ अंडमान एवं निकोबार के सहयोग से इक्कीसवीं श्री श्री जगद्धात्री पूजा मां अम्बे पूजन का आयोजन तीस अक्टूबर को दुर्गा मंडप, जंगलीघाट में किया जाएगा। पूजन समारोह में भक्तजन माँ वैष्णो देवी की पूजा–अर्चना के साथ मानवता में शांति की कामना करेंगे। संघ के सचिव स्वामी हरिपदानन्द ने सभी भक्तों को इस पवित्र अवसर पर आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>